जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1007 दिनांक : 29.09.2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विवविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अंतिम अवसर

विषयः- **स्नातक पाठ्यक्रम बी0ए0,बी0कॉम0,बी0एससी0 एवं बी0एससी0 होम साइंस षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/असंस्थागत ए0टी0के0टी के परीक्षार्थियों) के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) एवं प्राजेक्ट(मौखिकी) के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने वावत्।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020।

महोदय/महोदया,

शासन के निर्देशानुसार स्नातक बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एससी0 एवं बी0एससी0 होम साइंस षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/असंस्थागत ए0टी0के0टी के परीक्षार्थियों) का परीक्षा परिणााम आंतरिक मूल्यांकन एवं ओपन बुक परीक्षा के आधार पर घोषित किया जाना है।

बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एससी0 एवं बी0एससी0 होम साइंस षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 **संस्थागत** ए0टी0के0टी के ऐसे परीक्षार्थी जिनकी प्रायोगिक एवं आंतरिक मूल्यांकन विषयों में अनुपस्थित/अनुर्त्तीण होने के कारण ए0टी0के0टी है। उन विषयों हेतु असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) प्राप्त कर उनका मूल्यांकन कराकर प्राप्तांकों को विश्वविद्यालय के एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें।

बी0ए0, बी0कॉम0, बी0एससी0 एवं बी0एससी0 होम साइंस षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 **असंस्थागत** ए0टी0के0टी के ऐसे परीक्षार्थी जिनकी प्रायोगिक विषयों में अनुपस्थित/अनुर्त्तीण होने के कारण ए0टी0के0टी है। उन विषयों हेतु असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) प्राप्त कर उनका मूल्यांकन कराकर प्राप्तांकों को विश्वविद्यालय के एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें।

नियमित/असंस्थागत के परीक्षार्थी जिनकी प्रोजेक्ट परीक्षा में अनुपस्थित/अनुर्त्तीण होने के कारण ए0टी0के0टी है। ऐसे परीक्षाथी ओपन बुक की उत्तर पुस्तिकाओं के साथ (केवल प्रोजेक्ट में ए0टी0के0टी होने पर सिर्फ प्रोजेक्ट की फाइल) अपने विषयों की उत्तर पुस्तिका के साथ प्रोजेक्ट की फाइल प्रथक से नजदीकी संग्रहण केन्द्र पर निर्धारित तिथि एवं निर्धारित समय तक जमा करेंगे। अग्रेषण केंद्र महाविद्यालय स्तर पर मूल्यांकन कराते हुऐ प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक आवश्यक रूप से ए0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करेंगे। परीक्षार्थियों से प्राप्त असाइनमेंट का संधारण महाविद्यालय स्तर पर ही किया जाना है। आवश्यकता प्रतीत होने पर उक्त रिकॉर्ड विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा।

अतः अंतिम अवसर के रूप में समस्त संस्थागत/असंस्थागत ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन)/प्राजेक्ट(मौखिक) परीक्षा के अंको को एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट करने के संबध में सूचित किया जाता है कि, दिनांक **05.10.2020** तक अनिवार्य रूप से समस्त छात्रों के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) के अंक ऑनलाइन अपडेट करें। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के अंक मान्य नहीं किये जावेगे। निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त सम्बद्व महाविद्यालय प्राचार्य/प्राचार्या जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)